---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

02 केन्द्र सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना के पहले चरण के लिए तैंतीस प्रश्नों को अधिसूचित किया।

03. राज्य सरकार ने गन्ना आधारित उद्योगों के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ के साथ समझौता किया।

04. और, जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज मनायी जा रही है। वैशाली और नालंदा में हो रहा है विशेष कार्यक्रमों का आयोजन।

————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज एक दिवसीय बिहार दौरे पर नालंदा आ रही हैं। राष्ट्रपति इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल होंगे। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। समारोह के दौरान वे विभिन्न संकायों के छत्तीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और दस शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान करेंगे। समारोह में अर्जेंटीना, वियतनाम, नेपाल और भूटान समेत तेरह देशों के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस दौरान राष्ट्रपति दक्षिण—पूर्व एशियाई अध्ययन केन्द्र का औपचारिक शुभारंभ भी करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाईसवें आसियान —भारत शिखर सम्मेलन के दौरान इस केन्द्र की स्थापना की घोषणा की थी। राष्ट्रपति दो हजार सीटों की क्षमता वाले **विश्वमित्रालय** सभागार का उद्‌घाटन भी करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति का प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों के अवलोकन का भी कार्यक्रम है। सविता पारीक आकाशवाणी समाचार पटना।

————————————————

केन्द्र सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण में पूछे जाने वाले तैंतीस प्रश्नों को अधिसूचित किया है। नई दिल्ली में आयोजित सम्वाददाता सम्मेलन में भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में घर—घर जाकर सूचीकरण और स्व—गणना की प्रक्रिया पूरी होगी। यह चरण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार एक अप्रैल से तीस सितंबर तक चलेगा। श्री नारायण ने बताया कि दूसरे चरण के प्रश्न भी उचित समय पर प्रकाशित कर दिए जाएंगे और जाति गणना, जनगणना के दूसरे चरण में होगी।

---

बिहार में गन्ना आधारित उद्योगों की स्थापना और गन्ना विकास और विस्तार में राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ, एनएफसीएसएफ मदद करेगा। इस संबंध में कल पटना में गन्ना उद्योग विभाग और एनएफसीएसएफ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा कि इस समझौते के बाद राज्य में गन्ना उत्पादन और नये कारखानों की स्थापना में तेजी आयेगी। इस दौरान एनएफसीएसएफ के अध्यक्ष हर्षवर्धन पाटिल ने कहा कि सकरी और रैयाम चीनी मिल का डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।

---

नाबार्ड ने कहा है कि प्रदेश के सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग क्षेत्र को आगामी वित्तीय वर्ष में एक लाख चौबीस हजार एक सौ सैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक का ऋण मिलेगा। वहीं, किसानों के बीच एक लाख चौबीस हजार रूपये से अधिक का ऋण वितरित करने का लक्ष्य है। पटना में नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुये वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बैंकों से कृषि आधारित उद्योगों में निवेश बढ़ाने की अपील की।

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों के प्रभारी सचिवों और प्रमंडलीय आयुक्तों को अड़तालीस घंटे के अंदर जमीनी स्तर पर जांच कर जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। आपदा प्रबंधन समूह की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने राज्य के सीमावर्ती जिलों में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने एलपीजी की बैकलॉग पर गहरी चिंता जताते हुये इसे अविलंब कम करने को कहा। साथ ही उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों को समय–समय पर पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सय्यद अता हसनैन ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में नियमित कक्षा संचालन तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने पर बल दिया है। पटना स्थित लोक भवन में कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने समय पर परीक्षाओं का आयोजन, परीक्षाफल का प्रकाशन तथा प्रमाणपत्रों का वितरण करने का भी निर्देश दिया। कुलाधिपति ने कहा कि वे हर सप्ताह राज्य के दो विश्वविद्यालयों के साथ बैठक करेंगे, ताकि पहली बैठक में लिये निर्णयों के क्रियान्वयन को लेकर गति बनी रही।

————————————————

पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे विस्तार के लिए केंद्र सरकार ने बीस सदस्यों वाली एक समिति का गठन किया है। इसमें बिहार से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मुख्य वन संरक्षक और संजय गांधी जैविक उद्यान के निदेशक सदस्य बनाए गए हैं। समिति की पहली बैठक अप्रैल में होगी।

————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों के बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण मामले में सभी जिलाधिकारियों को अपने जिले में की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी देने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते यह आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई बीस अप्रैल को होगी। वहीं एक अन्य मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने पटना शहर के आसपास नियमों का उल्लंघन कर खुले में मांस– मछली बेचे जाने के मामले में राज्य सरकार और पटना नगर निगम को जवाब दायर करने का आदेश दिया है।

————————————————

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज मनायी जा रही है। यह पर्व करूणा, संयम और सत्य के व्रत का पालन करने का संदेश देता है।

———म्युजिक———

इस अवसर पर भगवान महावीर से जुड़े राज्य के प्रमुख स्थलों नालंदा, वैशाली और जमुई जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वैशाली जिले के बासोकुंड में विशेष पूजा का आयोजन किया गया है। बौना पोखर मंदिर से महावीर जन्म भूमि तक रथ यात्रा निकाली जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर मौके पर आज से तीन दिवसीय वैशाली महोत्सव की भी शुरूआत हो रही है। महोत्सव का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इधर, नालंदा जिले के कुंडलपुर में भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर आज सुबह भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कुंडलपुर में राजकीय समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है।

———म्युजिक———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी है।

————————————————

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने बिहार के तिरेपन जिलाध्यक्षों का मनोनयन कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। पहले बिहार में कांग्रेस की चालीस संगठन जिला इकाई थी। अब इसे बढाकर तिरेपन कर दिया गया है।

———————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के लिए इंटरमीडिएट में नामांकन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इंटर स्तरीय संस्थानों में ग्यारहवीं के लिए नामांकन प्रक्रिया आठ अप्रैल से शुरू होगी। इस बार लगभग बारह लाख विद्यार्थी ओएफएसएस पोर्टल के माध्यम से नामांकन ले सकेंगे।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में देर रात तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, सुपौल, बक्सर, रोहतास, जमुई और भागलपुर समेत राज्य के उत्तर पूर्वी, दक्षिण पूर्वी और दक्षिण—पश्चिमी हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

———साउंड बाइट———

———————————————————

लखीसराय में आज से राज्यस्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत हो रही है। स्थानीय केआरके हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाली इस पन्द्रह दिवसीय प्रतियोगिता का उद्‌घाटन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव बबलू शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के चौंतीस जिलों से कुल छह सौ अस्सी महिला खिलाड़ी भाग लेंगी।

———————————————————

कैमूर जिले के मुलायम खरवार ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में पैंसठ किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने बधाई दी है।

———————————————————

सीवान की प्रतिभाशाली फुटबॉलर श्रुति कुमारी को भारतीय अंडर—20 महिला फुटबॉल टीम में जगह मिली है। वे थाईलैंड में आयोजित एएफसी अंडर—20 महिला एशिया कप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने प्रदेश के सभी न्याय मंडल में अति संवेदनशील गवाह कक्ष का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बेगूसराय व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने बताया कि यह गवाह कक्ष गवाहों को बिना किसी डर और दबाव के अपने बयान दर्ज कराने के उददेश्य से बनाया गया है।

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने भागलपुर अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित लिपिक मयंक कुमार और स्टेनो प्रेम कुमार को सत्तर हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी नाथनगर आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित एक अन्य कर्मी से सेवा संपुष्टि के लिए रिश्वत ले रहे थे। वहीं, दूसरी तरफ निगरानी की टीम ने वैशाली जिले के पातेपुर थाना में तैनात दारोगा अखिलेश सिंह को पन्द्रह हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

मधुबनी जिले के बासोपट्टी थाना क्षेत्र के जानकीनगर के पास से एसएसबी की टीम ने तेरह लाख रूपये मूल्य के जाली नोट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र से पुलिस ने बारह हजार बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– शाह का संसद में ऐलान, देश नक्सलवाद से मुक्त।

दैनिक जागरण लिखता है– नीतीश का विधान परिषद व नितिन का विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र।

प्रभात खबर ने लिखा है–आईपीएल में वैभव का एक और तूफानी अर्द्धशतक।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– बिहार की अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला मैसूर से गिरफ्तार। अखबार लिखता है– दिल्ली साईबर पुलिस ने दबौचा, ग्यारह सौ केस दर्ज, कई डिजिटल गैजेट जब्त।

राष्ट्रीय सागर ने नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से जुड़ी खबर पर लिखा है– दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति होंगी शामिल। खादी और अहिंसा रेशम के परिधानों से दिखेगी भारतीयता।

आज अखबार की सुर्खी है– बिहार में गरीबों को जल्द मिलेगा पक्का घर, एक करोड़ परिवार वेटिंग लिस्ट में शामिल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

02 केन्द्र सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना के पहले चरण के लिए तैंतीस प्रश्नों को अधिसूचित किया।

03. राज्य सरकार ने गन्ना आधारित उद्योगों के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ के साथ समझौता किया।

04. और, जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज मनायी जा रही है। वैशाली और नालंदा में हो रहा है विशेष कार्यक्रमों का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।